## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों की शिकायतें का प्राथमिकता से हल करें

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत गठित कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले। यूडीआईडी कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र सत्यापन किया जाए और उन्हें लंबित न रखा जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को समय पर कार्ड जारी हो सके और पेंशन जैसी सुविधाएं भी समय पर लागू हो सकें।

### सरकारी विभागों पर करोड़ों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने सरकारी विभागों पर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर सख्त रुख अपनाया है। वित्त वर्ष 2025-26 समाप्त होने में मात्र छह दिन शेष हैं और अब तक करीब 29 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद कई सरकारी विभागों की ओर करोड़ों रुपये की राशि अभी भी बकाया है।
इसी विषय को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय के सभागार में राज्य सरकार के 12 विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मामले को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में लें।

### पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के लिए बनेगी व्यापक रणनीति

# एलपीजी संकट के समाधान को लेकर नगर निगम की बड़ी पहल

**अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे और कनेक्शन प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए**

*बैठक में स्पष्ट किया गया कि एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता के कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसका समाधान पीएनजी गैस के विस्तार में निहित है। जिले में वार्ड स्तर पर किया जाएगा सर्वे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

शहर में एलपीजी गैस आपूर्ति की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन, आईजीएल और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर विस्तृत रणनीति तैयार की। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की। इस दौरान नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम प्रदीप कुमार, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, पार्षदगण तथा इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के एजीएम अशीष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता के कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसका समाधान पीएनजी गैस के विस्तार में निहित है। इस दिशा में वार्ड स्तर पर सर्वे अभियान चलाकर संभावित उपभोक्ताओं की पहचान की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप्स और अन्य माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि



अधिक से अधिक लोग पीएनजी कनेक्शन अपनाएं। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि यह पहल केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएनजी न केवल सस्ता है, बल्कि सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल भी है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहर में करीब 8 हजार घर ऐसे हैं, जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन अभी कनेक्शन नहीं लिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे और कनेक्शन प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। एसडीएम प्रदीप कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे पीएनजी को प्राथमिकता दें और जिनके पास दोनों कनेक्शन हैं, वे एलपीजी को स्वेच्छा से हटवाएं। बैठक में सभी पार्षदों और अधिकारियों ने इस योजना को सफल बनाने का संकल्प लिया और कहा कि यह कदम शहर के लिए एक सकारात्मक बदलाव साबित होगा।

# 48वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना



- इंद्री ब्लॉक के किसानों की धरने पर रही बड़ी भागीदारी, प्रशासन को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 48वें दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें किसानों का उत्साह और समर्थन पहले से अधिक मजबूत दिखाई दिया। गांव शेखपुरा-सोहाना के पास चल रहे इस धरने में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन इंद्री ब्लॉक के किसानों ने भारी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को नई ऊर्जा दी। धरनास्थल पर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। धरने की अध्यक्षता दिलावर सिंह डबकोली ने की। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण यह मुद्दा लगातार लंबित है। सर्विस लेन का निर्माण केवल किसानों ही नहीं, बल्कि आम जनता की भी जरूरत है। वरिष्ठ किसान नेता नेकी राम गढ़ी बीरबल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सतबीर सिंह, टोनी शर्मा गढ़ी बीरबल, रामकिशन, जगमाल सिंह, संजीव कुमार, नरेश कलसोरा, चूड़ सिंह दबकोली, ओमपाल शर्मा, पाला राम राणा चांद समंद, बाबूराम शर्मा, भीम सिंह, हवा सिंह, करनैल शर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अंत में किसानों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि मांग पूरी होने तक धरना जारी रहेगा और आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# खाटू श्याम मंदिर में स्कूल के नन्हें बच्चों का आगमन

- बच्चों ने मंदिर में श्रद्धा भाव से श्री श्याम बाबा के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नगर के पावन खाटूश्याम मंदिर में बुधवार को सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के 135 नन्हें-नन्हें बच्चों का आगमन हुआ, जहां उन्होंने श्रद्धा भाव से श्री श्याम बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास के माहौल से सराबोर हो गया। मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष विनित बंसल, मन्नु बंसल, अंकुर गर्ग व श्रद्धालुओं ने बच्चों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें भक्ति, अनुशासन व संस्कारों का



तरावड़ी। स्कूल के बच्चे मन्दिर में श्याम बाबा के दर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

महत्व बताया। छोटे-छोटे बाल भक्तों ने बाबा के श्री चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उपस्थित श्री श्याम लखदातार परिवार के अध्यक्ष विनित बंसल ने कहा कि बच्चों का इस प्रकार धार्मिक स्थलों से जुड़ना उनके जीवन में सकारात्मक संस्कार, प्रेम और सच्चाई की भावना को मजबूत करता है। सभी ने बाबा श्याम से प्रार्थना की कि उनकी असीम कृपा बच्चों पर बनी रहे और उनका जीवन खुशियों, सफलता और उज्ज्वल भविष्य से परिपूर्ण हो। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि ऐसे आयोजनों में बच्चों को भक्ति का सुंदर वातावरण प्रदान करें, ताकि वे धर्म और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर मन्दिर श्याम परिवार के सदस्य अशोक बंसल, नितेश मंगल, अंकुर गर्ग व सदस्य एवं स्कूल के अध्यापक ज्योति शर्मा, मन्नू शर्मा, कवंलजीत कौर, निशा पोपली भी उपस्थित थे।

### 20 साल पुरानी मधुर स्मृतियों का अवलोकन

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में बी .एन. झा. राष्ट्रपति पदक विजेता तथा सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्राध्यापक पद पर कार्यरत आए तथा उन्होंने उपस्थित स्टाफ से भेंट की। सन 2006 की अपनी पुरानी यादें उन्होंने सांझा की। उन्होंने बताया कि वह खुद तथा सैनिक स्कूल के अन्य प्राध्यापक जर्नेल सिंह सलारिया व मूल चंद शर्मा के साथ यहां करीब 10 दिन आते रहे। उन दिनों नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के परीक्षाओं का पेपर मूल्यांकन सेंटर था। स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र खेड़ा जो स्वयं सैनिक स्कूल कुंजपुरा के पूर्व छात्र हैं हेड एग्जामिनर थे। उन्होंने बताया कि उन दिनों उनकी स्वर्गीय शिव प्रसाद गुप्ता, सुभाष गुप्ता, श्यामा गुप्ता, नरेश गुप्ता से भेंट हुई। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्रीमती श्यामा गुप्ता जी की प्रेरणा से ही उन्होंने राष्ट्रपति पदक के लिए आवेदन किया। श्रीमती मधु गुप्ता ने उनके स्कूल में आने पर धन्यवाद व्यक्त किया तथा डायरेक्टर एवं स्टाफ ने उन्हें स्मृति चिन्ह तथा तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया।

# सप्तमी के दिन देवी मंदिर में गूंजे माता रानी के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

क्षेत्र में नवरात्रों की सप्तमी व अष्टमी को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। बुधवार को सप्तमी के दिन रेलवे रोड स्थित देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई थी। मंदिर में माता रानी के जयकारे गूंज रहे थे और मंदिर की घंटियां बज रही थी। देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उत्साह नजर आ रहा था। श्रद्धालुओं ने मंदिर पूजा अर्चना कर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में विराजमान आचार्य मणि प्रसाद गौतम जी महाराज ने मां कालरात्री की महिमा का वर्णन किया। मंदिर में होने वाली माह आरती के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वीरवार को अष्टमी के दिन शहर में शोभायात्र निकाली जाएगी और शहर में शोभायात्रा के बाद माता रानी पर पंखा अर्पित किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने विस अध्यक्ष की माता के निधन पर जताया शोक

- हरविंदर कल्याण की माता प्रेम कौर के निधन पर परिवार को दी सांत्वना, अन्य कई जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मधुबन के पास कल्याण फार्म पहुंचकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की माता स्वर्गीय प्रेम कौर कल्याण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और उनका निधन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परमात्मा



से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि लोकसभा सत्र और अपने स्वास्थ्य कारणों (मोतियाबिंद ऑपरेशन) के चलते वे पहले नहीं आ सके थे, इसलिए आज विशेष रूप से शोक व्यक्त करने पहुंचे हैं। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और उन्होंने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ चैती छठ पर्व

**करनाल।** आस्था, सादगी और स्वच्छता के प्रतीक चैती छठ पर्व का बुधवार को उदयमान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने के साथ समापन हो गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पश्चिमी यमुना नहर के छठ घाटों पर पहुंचने लगे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।
छठ व्रतियों ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं संतान की कामना की। छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं और प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को शुद्ध दूध और जल से अर्घ्य अर्पित कर छठी मईया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पार्षद सुधीर यादव, उमेश चौहान, अर्जुन पंडित, रोहित कुमार, राम दयाल यादव, राम सागर यादव, शत्रोघन यादव, भोला राय, रामविलास यादव, आदि रहे।

# सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों की धूम

- डीएवी महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं व यज्ञ के साथ मनाया गया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज स्थापना सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'भारत के विकास में आर्य समाज के योगदान' विषय पर व्याख्यान से हुई, जिसमें वैदिक



विचारों और समाज सुधार में आर्य समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद भजन संध्या और नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सप्ताह भर चली गतिविधियों में नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन अवसर पर विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**मंदिर में बहुकुंडीय यज्ञ का आयोजन**

25 मार्च को आर्य समाज के वरिष्ठ नेता पूनम सूरी के जन्मदिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज मंदिर में बहुकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. आनंद आर्य और सत्येंद्र मोहन कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि आर्य समाज ने सदैव समाज सुधार और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

# नवरात्र मेले में हेल्प डेस्क लगाकर दी मुफ्त कानूनी

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल, आमजन को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कमेटी चौक स्थित देवी मंदिर में चल रहे नवरात्र मेले के दौरान हेल्प डेस्क लगाकर लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा और पैरा लीगल वालंटियर संदीप गोयल ने लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति, किन्नर, एचआईवी पीड़ित, दिव्यांग, आपदा प्रभावित, भूतपूर्व सैनिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग मुफ्त कानूनी सेवाओं के पात्र हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वीर परिवार सहायता योजना के तहत सेना और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों एवं उनके परिवारों को भी मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। इसके लिए वे जिला एडीआर सेंटर या हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 व नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

### श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन

# जीव को प्रभावित नहीं बल्कि प्रकाशित करती है भगवान की कथा : पांडेय

*श्रीराम के आदर्श से बड़ा कोई और विकल्प हो नहीं सकता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी

श्री राम नवमी महापर्व के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान कथाब्यास डाक्टर अशोक पांडेय ने आज श्रीराम कथा का गायन करते हुए कहा कि भगवान राम की कथा हमें प्रभावित नहीं करती ब्लिक प्रकाशित करने वाली है। डाक्टर पांडेय ने कहा कि श्रीराम की कथा का महत्व हनुमंत लाल ने



नीलोखेड़ी। कथा श्रवण करते हुए उपस्थित जनसमूह।

अपने अराध्य राम के बारे कहा कि राम के चरणों का वास तो निश्चित ही जीव के अनेक जन्मों की भक्ती का प्रतिफल है लेकिन उन्हे जो राम की कथा को श्रवण कर आत्मसात करने का फल तो जीव के जीवन को सफल ही नहीं ब्लिक सार्थक बना देती है। डाक्टर पांडेय ने जिस नर रुप में अवतरित भगवान राम ने जो जीवन के पग-पग पर आदर्श स्थापित किया है उसकी आज हर परिवार हर जीव के लिए अति उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यदि नर रुप में भले राम या कृष्ण अवतरित हुए परंतु उनका जीवन जितने संघर्ष ओर चुनौतीपूर्ण रहा है ,आज तो व्यक्ति के जीवन उतने संघर्ष नहीं फिर भी हम जरा सी विपरीत परिस्थिति आने पर विचलित हो जाते हैं,विफलता होने पर राम के जीवन से धैर्य एवं विवेक को धारण कर लें। नीति ओर राजनीति का यदि सदुपयोग करना हो तो वह भी राम के आदर्श से बड़ा कोई ओर विकल्प हो नहीं सकता।

**आदर्श के सूत्रों को आत्मसात करें**

श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने कथाओं के आयोजन का प्रयोजन भी यही है कि भगवान के चरित्र एवं आदर्श के सूत्रों को आत्मसात कर लें तो निश्चित ही कथाओं का यह बहुत बड़ा लाभ है,यह आयोजन केवल औपचारिकता नहीं ब्लिक भगवान के प्रति जानने का भी यह सबसे बड़ा माध्यम है।कपूर ने बताया कि श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को दोपहर को विशाल भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा।

**ये रहे उपस्थित**

आज मुख्य रुप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान सहित पालिकाध्यक्ष सनमीत कौर आहुजा पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सतनाम आहुजा, मनोनीत पार्षद ईश चोपड़ा,पूर्व पालिकाध्यक्ष राज कुमार धवन, पार्षद बब्लू बरसालू एवं मुकेश सिरसवाल,हरीश नांगरु,अश्वनि शर्मा,प्रेम सचदेवा,सुमित ऐबला,तरुण महेंद्रु,राजीव आनंद, एडवोकेट नवीन कपूर, वेद कटारिया,निखिल मलिक, भोलानाथ कपूर,अशोक मल्होत्रा एवं लक्ष्यण दास अरोड़ा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### युवती को मारपीट कर घायल किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की ऋषि कालोनी निवासी युवती के साथ हनुमान कालोनी निवासी विशाल ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्मरणीय है कि युवती ने विशाल पर उसके साथ छेडखानी के आरोप में थाना चांदनी बाग में केस दर्ज करवा रखा है। विशाल, युवती पर दर्ज केस वापस लेने का दबाव बना रहा था, मना करने पर उसने युवती को पीटा। इधर, थाना युवती की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने विशाल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से जेवर व नगदी चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की ईदगाह कालोनी निवासी प्रेम लता के घर से चोरों ने करीब पंद्रह हजार रुपये की नगदी व सोने और चांदी से बने लाखों रुपये कीमत के जेवर व सिक्के चोरी कर लिए। वहीं थाना मॉडल टाउन पुलिस को दी शिकायत में प्रेम लता ने बताया कि घटना के समय व उपचार के लिए अपने मायके गई हुई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशे के खिलाफ अभियान चलाया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस का जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान जारी है। वहीं बुधवार को पुलिस टीम ने गांव नौल्था में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। लागों को बताया गया कि नशे की लत कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है और समय रहते इससे बचाव कितना आवश्यक है।

### महिला मंडल ने किए मां भगवती के भजन

**पानीपत।** चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर अशोक विहार कालोनी श्रीराम चौक में बुधवार को महिला मंडल द्वारा मां भगवती के भजन गाए। इस अवसर पर मनीषा सिंगला, अन्नू रोहिला, सुनीता रानी, नगीना देवी, आरती चौधरी, संगीता शर्मा, अर्चना चौधरी, सरिता ठाकुर, अनन्या पांचाल, कनिका पांचाल, करुणा देवी, कमलेश वर्मा, सविता वर्मा, नेहा वर्मा, शिखा देवी, आरती सिंह, नंदनी शर्मा, संगीता पांडे, अन्नू उपाध्याय, जानवी शर्मा श्रद्धालु उपस्थित रही।

### विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग के तत्वावधान में बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता हुई। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, कक्षा की मेंटर प्रो. रुचिका बतरा ने प्रतियोगिता में प्रथम आए कनिष्का, द्वितीय उदय, तृतीय शुभम व राधिका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया

**पानीपत।** पाइट संस्कृति किड़ो व इस्कॉन पानीपत के द्वारा संकीर्तन का आयोजन किया गया। जसमें से गोविंद कृष्ण दास ने हरि नाम संकीर्तन से माहौल भक्ति मय कर दिया। जबकि पाइट संस्कृति किड़ो के ग्रेजुएशन दिवस पर विद्यार्थियों से भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर इस्कॉन पानीपत के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ, आशु गुप्ता अशोक गोयल, पंकज मेंहदीरत्ता, अरविंद सिंघल, भुवन चुघ आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### आर्य संदीप जांगड़ा को किया सम्मानित

**पानीपत।** सूर्य नमस्कार करने का छठी बार विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप जांगड़ा आर्य को नगर निगम की महापौर कोमल सैनी एवं सर्व संगठन सेवा संस्थान के संयोजक सुरेश काबरा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र जांगड़ा, राहूल धीमान, राजकुमार, रमेश व मोहन मौजूद रहे।

### कोमल के एक साल के कार्यकाल में पानीपत में तेज हुए विकास कार्य

# पानीपत को विकसित शहर बनाएंगेः सैनी

- सेवा, सुशासन व विकास को समर्पित है पानीपत की भाजपा सरकार



**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी व पार्षदों को हनुमंत जन्मोत्सव शोभायात्रा का न्योता देते हुए वेद पाराशर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को नगर निगम के कैंप ऑफिस में प्रेस वार्ता की और अपनी कार्यकाल के विकास कार्यों व उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके एक वर्ष के कार्यकाल में करीब 200 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति एवं क्रियान्वयन दिया गया, जिनमें आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। पानीपत की सफाई व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कूडा उठान में 140 वाहन चल रहे है। वहीं, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, क्रियान्वन व रखरखाव का टेंडर अलॉट कर दिया गया है। जबकि सनौली, गोहाना, असंध, बरसत, बैबल रोग आदि मार्गों की सफाई के लिए चार अत्याधुनिक स्वैपिंग मशीन खरीदी गई है। उन्होंने बताया कि सड़क व नाले निर्माण किए जा रहे है। जिससे यातायात व जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि हुडा सेक्टर 13/ 17 में स्मार्ट रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। जबकि मालिक पेट्रोल पंप से अग्रसेन चौक तक, बैबल नाका से अग्रसेन चौक तक, हुडा सेक्टर छह मुख्य सडक, सेक्टर 11-12 का रिंग रोड एवं मॉडल टाउन रिंग रोड को भी स्मार्ट रोड के तर्ज पर विकसित किया जाएगा। वहीं, पानीपत के हर खंभें पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा रही है। जबकि निगम कार्यों में ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल मॉनिटरिंग को बढ़ावा दिया गया, जिससे कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हुई। शहर में सीवरेज व जल निकासी की व्यवस्था को लगातार सुदृढ किया जा रहा है। जबकि 54 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण की कालोनियों में अमृत योजना के बैलेंस वर्क करवाए जा रहे है। पानीपत का विकसित शहर बनाएंगे।

#### 20 पार्कों में नवीनीकरण जारी

पानीपत के हर कोने में एक बड़ी अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनाने का लक्ष्य है। जबकि त किला लाइब्रेरी को अपग्रेड किया जा रहा है। कृष्णपुरा, बरसत रोड अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण जारी है। वहीं, पानीपत को हरा भरा बनाने व प्रदूषण को जीरो करने के लिए एक लाख पौधे रोपे जाएंगे, अभी तक 55 हजार पौधे रोपे जा चुके है। वहीं, एंटी स्मोक गन से प्रदूषण को कम करने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि ताऊ देवीलाल पार्क का नवनिर्माण करवाया जा रहा है। जबकि 20 पार्कों में नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण का जारी है। इस अवसर पर पंडित वेद पाराशर ने मेयर कोमल सैनी, उपस्थित पार्षदों आदि को श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होने का न्योता दिया।

## नारी शक्ति को सिलाई मशीनें भेंट की

- चार सौ से अधिक जरूरतमंदों को सहायतार्थ शॉल, जूते, चप्पल, भेंट किए


**पानीपत।** मां गौरी समाज सेवा समिति के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मां गौरी समाज सेवा समिति द्वारा बुधवार को सिलाई सेंटर में 153 महिलाओं व बेटियों को निःशुल्क सिलाई व कड़ाई की ट्रेनिंग पूरी होने पर सिलाई मशीन व डिप्लोमा भेंट किया। जबकि चार सौ से अधिक जरूरतमंदों को सहायतार्थ शॉल, जूते, चप्पल, भेंट किए। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सचिव गौरव रामकरण व निगम पार्षद सरोज वर्मा व पूर्व मेयर सुरेश वर्मा ने बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन कर देश व समाज की तरक्की में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर संदीप, नितिन, प्रमोद, सोनू, हेमलता, मोनिका व बबली आदि मौजूद रहे।

### बहुचर्चित घोटाले में अफसर बरी

**पानीपत।** एडीजे संदीप सिंह की कोर्ट ने हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग में हुए करोड़ों रुपये के कथित 'सी-फॉर्म' घोटाले में नामजद तत्कालीन आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईटीओ दिविक शर्मा और उनके सह-आरोपी गोविंद को साक्ष्यों के अभाव में आरोपों से बरी कर दिया। वहीं, जज सिंह की कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और साजिश के आरोपों को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। स्मरणीय है कि यह केस सन् 2019 में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोप था कि मैसर्ज पारस एंटरप्राइजेज नाम की एक फर्जी फर्म बनाई गई। आरोप था कि इस फर्म ने साल 2016-17 और 2017-18 के दौरान बिना किसी वास्तविक खरीद-बिक्री के 155.2 करोड़ रुपए के सी फार्म जारी करवा लिए। इसके जरिए करीब 17.33 करोड़ रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा कर सरकारी खजाने को चूना लगाने का आरोप लगाया गया था।

### सोशल मीडिया के लिए सख्त कानून बनेः नवीन



**पानीपत।** हरियाणा में सोशल मीडिया पर फैले गंद और गुंडागर्दी के खिलाफ नवीन जयहिंद ने समाज को जगाने के लिए मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में पानीपत पहुंचे नवीन जयहिंद ने प्रेस वार्ता में घंटा बजाते हुए कहा कि यह घंटा इसलिए बजाया जा रहा है ताकि हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री, सांसद व विधायक नींद से जागे और सोशल मीडिया पर फैले हुए गंद और गुंडागर्दी के खिलाफ सख्त कानून बनाए, ताकि सोशल मीडिया पर फैली गंदगी को बंद करवाया जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैली गंदी को खत्म करने में पुलिस व महिलाओं को विफल करार देते हुए कहा कि सोशल मीडिया को सख्त कानूनी के दायरे में लाया जाए।

### सीएम का आभार जताया

**पानीपत।** हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू पौडिया ने प्रदेश के फार्मासिस्टों की मांगें पूरी करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, काउंसिल के चेयरमैन बीबी सिंगल व कार्यकारी समिति के सभी सदस्यों का आभार जताया।

## प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसानः गजेंद्र

- कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती शिविर का आयोजन हुआ


**पानीपत।** प्राकृतिक खेती कैंप में अतिथि गजेंद्र सलूजा के साथ किसान, कृषि अधिकारी व वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

**पानीपत।** जिला स्तर पर प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से बुधवार को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा संचालिक कृषि विज्ञान केंद्र, गांव उझा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने किसानों से अपील की कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपनी आय बढ़ाएं और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम की शुरुआत में सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया। जबकि कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रवीण गुलिया ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर देते हुए इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मत्स्य पालन विभाग से डॉ. शैलेश ने भी विभागीय योजनाओं, डॉ. राधेश्याम गुप्ता ने मिट्टी की जांच के महत्व की विस्तार से जानकारी दी।

## विद्यार्थियों की मदद को उठे इंडियन सिंथेटिक रबर के हाथ

- पॉलिटेक्निक को आधुनिक लैब उपकरण दिए, गांव सिकंदरपुर व जीतगढ़ स्कूलों को 110 साइकिलें भेंट की


**पानीपत।** इंडियन सिंथेटिक रबर प्लांट के अधिकारी संबोधन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एमके राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, गांव जाटल जिला पानीपत में बुधवार को रसायन अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थियों के लिए 37 नवीन प्रयोगशाला उपकरणों के औपचारिक हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। ये उपकरण इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल), द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए। समारोह के दौरान आईएसआरपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी सैम येन तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख मुकेश शर्मा ने संस्थान को ये अत्याधुनिक उपकरण औपचारिक रूप से सौंपे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी व्यावहारिक दक्षता और तकनीकी ज्ञान को सुदृढ़ करना है। वहीं, आइएसआरपीएल के मानव संसाधन विभाग प्रमुख मुकेश शर्मा ने बताया कि इंडियन सिंथेटिक रबर प्लांट की ओर से 28 लाख 46 हजार रुपये के उपकरण जाटल पॉलिटेक्निक कॉलेज को प्रदान किए गए हैं, ताकि विद्यार्थी प्रयोगशाला में अपने वैज्ञानिक प्रयोग सुदृढ़ तरीके से कर सकें।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

प्लांट की ओर से गांव गढ़ी सिकंदरपुर और जीतगढ़ में भी 6.13 लाख के अनुदान से 99 साइकिल विद्यार्थियों को प्रदान की गई है ताकि वे स्कूल में अच्छी तरह से आवागमन कर सकें। इसके साथ-साथ कक्षाओं में नौ लाख के फर्नीचर इत्यादि भी उपलब्ध करवाए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक एचआर सुमेश रजक, प्रशासकीय प्रबंधक प्रभाकर सिंह और प्रशासकीय विभाग से पवन कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रसायन अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष जसबीर सिंह व्याख्याता वीरेंद्र यादव, विकास विलवस, पंकज कुमार, नवनीत कौर सहित विभागाध्यक्ष सतविंद्र सिंह, पुनीत , प्रवीण कंबोज देवेन्द्र गुलशन आदि उपस्थित रहे।

### मानवता की सेवा को 40 ने किया रक्तदान




**पानीपत।** हरियाणा रेडक्रास के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के 40वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पानीपत रेडक्रास सोसाइटी द्वारा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें सचिव रेडक्रास गौरव राम करण ने बतौर मुख्य शिरक्त की। शिविर में जरूरत अनुसार रेडक्रास से जुड़े लगभग 40 स्वंयसेवकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, रक्त बैंक प्रभारी डॉ. पूजा सिंघल, जसमेर, अमित व प्रवक्ता कला भारद्वाज, सोनिया शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। दूसरी ओर, संदेश दिया गया कि रक्तदान करने से शरीर का गंभीर रोगों से बचवा होता है और स्वस्थ्य नागरिक साल में एक से तीन बार रक्तदान कर सकता है।

## 40 अमृत सरोवरों का कायाकल्प होगा

- सरोवर बनेंगे स्वच्छ, जलस्तर होगा उंचा, योजना पर साढे तीन करोड की लागत आएगी



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, अमृत सरोवरों को लेकर बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला में अमृत सरोवरों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में सीएमजीजीए और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरोवरों के समग्र कायाकल्प के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंदगी, कचरे का जमाव, दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और रखरखाव की कमी को दुरुस्त किया जाएगा। वहीं, आधारभूत ढांचे की नियमित देख रेख व जवाबदेही तय की जाएगी। उपायुक्त ने प्रत्येक सरोवर के लिए एक केयरटेकर/ऑपरेटर नियुक्त करने और पंचायत सचिव को इसकी निगरानी का जिम्मा देंगे। नई व्यवस्था के तहत पंचायत स्तर पर प्रतिदिन सरोवर की सफाई, कचरा हटाने और जल की स्थिति की निगरानी की जाएगी। वहीं ब्लॉक स्तर पर साप्ताहिक निरीक्षण में स्वच्छता, जल गुणवत्ता और मच्छर प्रजनन की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो आधारित डिजिटल रिपोर्टिंग अनिवार्य की जाएगी, जिसमें समय-चिह्नित तस्वीरों के जरिए वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। डीसी दहिया ने सरोवरों के रखरखाव को पंचायत फंड से जोडऩे का प्रस्ताव रखा। इन सरोवरों पर बेहतर तरीके से कार्य करने पर ब्लॉक और जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इससे पंचायतों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन अमृत सरोवरों के विकास पर लगभग 3.50 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इन सरोवरों पर झरने, लाइटिंग, फूलों की सजावट और सीमेंट की बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे ये सरोवर आधुनिक और आकर्षक बन सकें। प्रारंभिक चरण में एक सरोवर को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके बाद 40 सरोवरों का कायाकल्प किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बीमारी से तंग किशोरी ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में 16 वर्षीय कोमल मूल निवासी शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश ने कथित रूप से अपनी बीमारी से तंग होकर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद कोमल के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि कोमल बुखार व अन्य शारीरिक समस्याओं से पीडित थी। उपचार के बावजूद भी कोमल का स्वास्थ्य नहीं सुधर रहा था। रोग के चलते कोमल मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

### अली बने गो सेवा प्रकोष्ठ के संयोजक

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़ी बेशक की चौपाल में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यक्रम का आयोजन जिला सह संयोजक नौशाद भाटी द्वारा किया गया। वहीं, मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल व प्रदेश सह संयोजक इमरान खान मुख्य अतिथि रहे। शहनाज अफजाल ने मुस्लिमों को शिक्षित होकर देश, समाज व मानवता की सेवा करने की अपील की। इधर, एडवोकेट इरफान अली को गो सेवा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक व राशिद खान को जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक मोहसिन खान, सह संयोजक शहदीन, विपिन पांचाल, रिजवान चौहान, कयूम, अरशद, फुरकान चौहान, जिंदा हसन, शमशेर आदि उपस्थित रहे।

### जगदीश शर्मा बने ब्रांच प्रधान

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की पानीपत ब्रांच का चुनाव हुआ। जिसमें ब्रांच प्रधान जगदीश शर्मा, सचिव विनोद फौजी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष जगबीर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान गुलाब सिंह राठी को चुना गया है। इस अवसर पर यूनियन के नेता जसमेर लाल शर्मा, विनोद शर्मा, ईश्वर दहिया, कुशल पाल चौहान, धर्मवीर शर्मा, तेजवीर मलिक, वीरेंद्र चौहान, रामपाल तंवर, वीरेंद्र रावल, रविंद्र रावल, मनोज बाम्बा, रवि गोस्वामी, विनोद गोहाना, विषम रावल, सतपाल रावल, नवीन आदि उपस्थित रहे।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

**पानीपत।** डीटीपी की ओर से बुधवार को चार अनाधिकृत कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। अभियान के तहत जेसीबी मशीनों की सहायता से 20 डीपीसी, संपूर्ण कच्ची सड़क नेटवर्क, चार चारदीवारियां और सीमांकन को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई तहसील और जिला पानीपत के ग्राम उग्रा खेड़ी, खेड़ी नांगल, महराना और सोंधापुर के राजस्व क्षेत्र में की गई, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 25 एकड़ था।

### स्वच्छता को बच्चों की आदत बनाएं

**पानीपत।** पानीपत जिला के राजकीय स्कूलों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने संबंधित विभागों को स्कूलों के शौचालयों की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। वहीं, राजकीय स्कूलों में पढने वाले बच्चों को बेहतर वातावरण देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि स्कूलों के शौचालय साफ और उपयोगी नहीं होंगे, तो इसका सीधा असर बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य पर पड़ेगा। इसलिए शौचालयों की नियमित सफाई, रख रखाव और आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### रिज्यूमे बनाना सीखा

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं करियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए "हैंड्स-ऑन रिज्यूमे तैयारी गतिविधि" का आयोजन हुआ। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह की अगुवाई में सॉफ्ट स्किल ट्रेनर शिखा जुनेजा ने विद्यार्थियों को रिज्यूमे की संरचना, आवश्यक बिंदुओं एवं प्रस्तुतीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस गतिविधि को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

### चंदन स्कूल का रिजल्ट अच्छा रहा

**समालखा।** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल गांव आट्टा का कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार, हरजीत कौर, मनस्वी, खुशी, रमन, डॉ. श्वेता, सुरेंद्र, खेल शिक्षक विकास, प्रवीण कुमारी, रीटा, पूजा देशवाल, रीना ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

**शिलान्यास** नवीनीकरण पर 1.46 करोड रुपये की लागत आएगी

## किला पार्क की लाइब्रेरी के नवीनीकरण का शुभारंभ

- विधायक प्रमोद कुमार विज एवं मेयर कोमल सैनी ने स्थानीय पार्षदों के साथ किया शिलान्यास


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए मेयर कोमल सैनी व पार्षण आदि। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के ऐतिहासिक किला पार्क स्थित लाइब्रेरी के नवीनीकरण का कार्य अब 1 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शिलान्यास पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज एवं मेयर कोमल सैनी ने स्थानीय पार्षदों के साथ किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार विज ने कहा कि किला पार्क लाइब्रेरी का आधुनिकीकरण युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह लाइब्रेरी न केवल शिक्षा को बढ़ावा देगी बल्कि शहर के बौद्धिक वातावरण को भी सशक्त बनाएगी। विधायक विज ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर के हर वार्ड में स्थित सामुदायिक केंद्रों में लाइब्रेरी स्थापित करने की है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को पढ़ाई और ज्ञान अर्जन के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकें। इस विकास कार्य के लिए उन्होंने हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व और विकासोन्मुख नीतियों के कारण ही पानीपत में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। आज प्रदेश के लाखों युवाओं को शिक्षा के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी मिली है। वहीं, विधायक विज ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है। किला पार्क लाइब्रेरी का यह नवीनीकरण भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में शहर के विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

